तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 2 मई 2024

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज



4 रेलवे स्टेशन परिसर में विकास कार्यों की धीमी रफ्तार से बढ़ी परेशानी




## खबर संक्षेप

### मुम्बई के कलाकारों के बीच होगा कव्वाली का मुकाबला

**अम्बिकापुर।** सद्भावना ग्राम तकिया में होने वाले सालाना उर्स में मुम्बई के मशहूर कव्वाल कव्वाला शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर कमेटी द्वारा तैयारियां जोर शोर से शुरू कर दी गई है। बता दें कि सद्भावना ग्राम तकिया में हजरत बाबा मुरादशाह, हजरत बाबा मोहब्बत शाह का सालाना उर्स 20, 21 व 22 मई को आयोजित किया जाएगा। उर्स के तहत 20 मई को जामा मस्जिद से संदल चादर के साथ जुलूस निकाली जाएगी जबकि 21 व 22 मई को कव्वाली का मुकाबला होगा। अंजुमन कमेटी के सदर व आयोजन समिति के संयोजक इरफान सिद्दीकी ने बताया कि उर्स के दौरान 21 मई को मुंबई के मशहूर कव्वाल वसीम शाबरी व रानी वारसी के बीच मुकाबला होगा जबकि 22 मई को अंतिम दिन मुंबई के कव्वाल जुनैद सुल्तानी व कव्वाला रानी वारसी के बीच मुकाबला होगा।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव का जगह-जगह किया गया स्वागत

**अम्बिकापुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव सिंह बुधवार को अपने दो दिवसीय प्रवास पर सरगुजा पहुंचे।



भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह के नेतृत्व में लखनपुर, उदयपुर, अम्बिकापुर ग्रामीण तथा अम्बिकापुर नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आप सभी परिश्रम से पहले और दूसरे चरण की सभी चार सीट भाजपा जीत रही है। चुनाव में लोगों के उत्साह को देखते हुए अबकी बार चार सौ पार के लक्ष्य में छत्तीसगढ़ की शत-प्रतिशत भूमिका रहेगी तथा भाजपा प्रदेश की सभी सीटें जीतेगी। भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ता इस प्रचंड गर्मी में भी जन-जन के बीच जाकर जनकल्याण के मंत्र पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में कोर ग्रुप की बैठक ली तथा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्येक सीट पर रिकार्ड जीत का अंतर स्थापित करने जा रही है।

### भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन 4 को सूरजपुर में

**अम्बिकापुर।** भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रभारी नितिन नवीन गुरूवार को अंबिकापुर होते हुए सूरजपुर



पहुंचेंगे तथा 4 मई को प्रस्तावित राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की चुनावी जनसभा की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। वे पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे। उनके साथ प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव भी उपस्थित रहेंगे।

### मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मेडिकल आईसीयू से लापता हुआ मरीज

**अम्बिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मेडिकल आईसीयू में भर्ती मरीज स्टाफ का बिना बताए ही कहीं चला गया। आज मरीज के बेड पर नहीं होने पर घटना की सूचना अस्पताल के स्टाफ ने पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस अचानक आईसीयू से लापता हुए मरीज की खोजबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शहर से लगे ठाकुरपुर निवासी कमलेश आ. सुखसेन (47 वर्ष) का पेट में परेशानी होने पर चिकित्सकों ने 27 अप्रैल को उसका ऑपरेशन किया था। ऑपरेशन के बाद उसे मेडिकल आईसीयू में रखा गया। आज शाम लगभग 7 बजे मेडिकल आईसीयू के स्टाफ ने बेड पर जाकर देख तो मरीज बेड पर नहीं था। मरीज के अचानक बिना बताए कहीं चले जाने पर स्टाफ अस्पताल परिसर सहित आसपास खोजबीन की परंतु मरीज का कहीं पता नहीं चला। जिस पर स्टाफ ने पुलिस सहायता केन्द्र के पुलिस कर्मियों को मरीज के लापता हो जाने की सूचना दी। सूचना पर पुलिस मरीज की तलाश में जुट गई है।

### सरगुजा पुलिस ने पहली बार की कार्रवाई

# सड़क पर बेतरतीब ढंग से वाहन खड़ा करने वाले 12 चालक गिरफ्तार







पुलिस द्वारा गिरफ्तार ट्रक चालक व जब्त भारी वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से भारी वाहनों को खड़ा करने वालों की अब खैर नहीं है। सरगुजा पुलिस द्वारा द्वारा बेतरतीब ढंग से वाहनों को खड़ा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर 13 प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस द्वारा मामले में 12 वाहन चालकों को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि शहर के रिंग रोड सहित एनएच किनारे भारी वाहन चालकों द्वारा अपने वाहनों को बेतरतीब ढंग से खड़ा किया जाता है। वाहनों को खड़ा करते समय उसमें पार्किंग लाइट, सकेंतक नहीं लगाए जाते है और कई बार ऐसी लापरवाही के कारण लोगों की सड़क दुर्घटना में मौतें हो चुकी है। पुलिस द्वारा समय समय पर अभियान चलाकर ऐसे वाहनों चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई लेकिन पुलिस की समझाइस का कोई असर नहीं हो रहा था ऐसे में एसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में सरगुजा पुलिस व यातायात विभाग की ओर से सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों पर कार्रवाई की गई। 24 घंटे के अंदर जिले के 4 थाना अंतर्गत कुल 13 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। बताया जा रहा है कि थाना कोतवाली अंतर्गत रिंग रोड महामाया पेट्रोल पम्प के पास खड़ी भारी वाहन के सम्बन्ध मे आरोपी यूपी सोनभद्र रॉबर्ट्सगंज निवासी दीपक कुमार के विरुद्ध धारा 283, रिंग रोड महामाया पेट्रोल पम्प के पास खड़े भारी वाहन के सम्बन्ध मे आरोपी यूपी चंदौली नौबतपुर परेवा निवासी 34 वर्षीय रत्नेश मौर्य के विरुद्ध धारा 283, थाना गांधीनगर अंतर्गत रिंग रोड नमनाकला कार्मेल स्कूल के पास खड़े भारी वाहन के सम्बन्ध मे आरोपी झारखंड के गढ़वा परिहारा निवासी 28 वर्षीय बबलू अंसारी के विरुद्ध धारा 283, रिंग रोड नमनाकला कार्मेल स्कूल के पास खड़े भारी वाहन के सम्बन्ध मे आरोपी यूपी सोनभद्र निवासी 25 वर्षीय रविशंकर के विरुद्ध 283 के तहत गिरफ्तार किया है एवं वाहन क्रमांक सीजी 04 एमआर 1046 के वाहन चालक के विरुद्ध धारा 283, 337 का अपराध दर्ज किया है और उक्त वाहन के चालक की तलाश की जा रही है। वहीं थाना मणीपुर अंतर्गत गहिरा गुरु आश्रम के सामने रिंग रोड मणिपुर मे आरोपी दरिमा दमाली निवासी 22 वर्षीय विनय कुमार यादव के विरुद्ध धारा 283, गहिरा गुरु आश्रम के सामने रिंग रोड मणीपुर के पास आरोपी दमाली निवासी 28 वर्षीय दिनेश यादव के विरुद्ध धारा 283, गहिरा गुरु आश्रम के सामने दर्रीपारा निवासी 31 वर्षीय सैयद मोहम्मद के विरुद्ध धारा 283, गहिरा गुरु आश्रम के सामने रिंग रोड पर खड़े वाहन के चालक तमिलनाडु कोयंबटूर निवासी 40 वर्षीय वासुदेवनके विरुद्ध 283 का अपराध दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

**खास बात**

- 13 प्राथमिकी दर्ज, एक चालक की तलाश जारी, आए दिन दुर्घटना में होती है मौतें

#### एनएच पर की गई कार्रवाई

शहर के साथ ही पुलिस ने एनएच किनारे खड़े वाहनों के चालकों पर भी कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार उदयपुर थाना अंतर्गत रामगढ़ ढाबा बिशुनपुर के समीप दुर्ग जामुन निवासी 30 वर्षीय संतोष सिंह के विरुद्ध धारा 283, झारखंड के गढ़वा बेल चंपा निवासी 30 वर्षीय राकेश पासवाल के विरुद्ध धारा 283, रायपुर उरला सनडोगरी हीरापुर निवासी 30 वर्षीय तारकेश्वर महतों के विरुद्ध धारा 283 व झारखंड गढ़वा कल्याणपुर निवासी 29 वर्षीय अवध पासवान के विरुद्ध धारा 283 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर दो पंचायत सचिव व एक कर्मी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लोकसभा चुनाव के दौरान निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने के मामले में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर ने मामले में दो पंचायत सचिव व एक सहायक ग्रेड -03 को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही एक कर्मचारी को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के दौरान अधिकारी कर्मचारियों की विभिन्न स्थानों व विभागों में जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर भोस्कर विलास द्वारा ड्यूटी लगाई गई है। इस दौरान जनपद पंचायत अंबिकापुर के ग्राम बधियाचुंआ के सचिव दयाराम पैंकरा की ड्यूटी मतदान केंद्र क्रमांक 144 और जनपद पंचायत अम्बिकापुर के ग्राम पंचायत श्रीगढ़ के सचिव संदीप शर्मा की ड्यूटी मतदान केंद्र क्रमांक 138 में लगाई गई थी। पंचायत सचिवों दयाराम पैकरा व संदीप शर्मा द्वारा मतदान संबंधी गलत जानकारी प्रदर्शित करने पर इन्हें निलंबित किया गया हैं। इनका यह कृत्य दिए गए निर्देशों की अवहेलना एवं निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही को प्रदर्शित करता है। कार्य में लापरवाही बरतने के फलस्वरूप दोनों को निलंबित कर दिया गया है और उनका मुख्यालय जनपद पंचायत अंबिकापुर नियत किया गया है। इसके साथ ही ग्राम पंचायत बधियाचुंआ सचिव दया राम पैंकरा को प्राप्त अतिरिक्त प्रभार ग्राम पंचायत विशुनपुरखुर्द में छत्रपाल, सचिव ग्राम पंचायत ठाकुरपुर को एवं ग्राम पंचायत बधियाचुआं का अतिरिक्त प्रभार हरि सिंह, सचिव ग्राम पंचायत खैरबार को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त सौंपा गया है। इसी प्रकार जनपद पंचायत में संलग्न सचिव शकील अहमद को ग्राम पंचायत कंठी में पदस्थ करते हुए ग्राम पंचायत श्रीगढ़ का अतिरिक्त प्रभार आगामी आदेश पर्यन्त सौंपा गया है। इसके साथ ही कार्यालय कलेक्टर सत्कार शाखा में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 दीपक कुमार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सरगुजा द्वारा सक्षम अधिकारी के अनुमति के बिना कर्तव्य से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के साथ ही लोकसभा निर्वाचन के दौरान सौंपे गए दायित्वों के साथ-साथ जिला कार्यालय के सत्कार शाखा के कार्यों में घोर लापरवाही बरते जाने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

- कलेक्टर के निर्देश पर की गई कार्रवाई, दूसरे सचिवों को दिया गया प्रभार

#### अनुपस्थित रहने पर नोटिस जारी

जिला निर्वाचन कार्यालय के सहायक ग्रेड 3 मेघराज राजवाड़े को सक्षम अधिकारी के अनुमति के बिना कार्य से अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सरगुजा द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उक्त कर्मचारी की अनुपस्थिति के कारण निर्वाचन कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है, जो निर्वाचन कार्यों के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता को प्रदर्शित करता है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के अंतर्गत एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम के विपरीत कृत्य पर उक्त को समक्ष उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है। जवाब संतोषप्रद ना होने पर एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

# अंतर्राज्यीय बॉर्डर पर जंगल में जुआ खेल रहे 14 आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अंतर्राज्यीय बॉर्डर के जंगल में जुआरियों को पकड़ने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। वाड्रफनगर के बलंगी, रघुनाथनगर की पुलिस टीम द्वारा जंगल में घेराबंदी कर 14 जुआरियों को पकड़ा गया है। पुलिस ने आरोपियों से 71 हजार रुपए नगद समेत 3.15 लाख रुपए का सामान जब्त किया है। बताया जा रहा है कि बलंगी पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि मध्यप्रदेश व उत्तरप्रदेश की सरहद पर मौजूद झापर जंगल में बड़े पैमाने पर लोग जुआ खेल रहे है। सूचना मिलने के बाद एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एएसपी निमेष बरैया, एसडीओपी रामअवतार ध्रुव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा झापर जंगल में दबिश दी गई जहां लोग आम पेड़ के नीचे तिरपाल बिछाकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर 14 लोगों को पकड़ा गया है। पुलिस ने रघुनाथनगर के केसारी निवासी 27 वर्षीय आशीष पांडेय आ. रमेश चंद पांडेय, 30 वर्षीय विकास कुमार पांडेय आ. गीता शरण पांडेय, बैकुंठपुर कुटनपारा 43 वर्षीय धीरेन्द्र ठाकुर आ. बाबुसाहेब ठाकुर, सूरजपुर

- 71 हजार नगदी, 14 मोबाइल फोन, बाइक जब्त



जिले के रामानुजनगर भुनेश्वरपुर निवासी 24 वर्षीय अवधेश कुमार साहू आ. रामरतन साहू, रघुनाथनगर आसनडीह निवासी 50 वर्षीय अवध कुमार गुर्जर आ. जगदीश प्रसाद, बैकुंठपुर कोरिया के बजारपुरा निवासी 39 वर्षीय पप्पू गुप्ता आ. चंद्रिका प्रसाद गुप्ता, सोनभद्र बभनी डुमरहर निवासी 25 वर्षीय महबूब आ. अब्दुल्ला शेख, सोनभद्र शिशटोला निवासी 42 वर्षीय रामदुलारे आ. त्रिवेणी प्रसाद,सोनभद्र मेउरपुर कुदारी निवासी 40 वर्षीय राजेश कुमार आ. हरिप्रसाद जायसवाल, सोनभद्र बीजपुर पेंडारी निवासी 40 वर्षीय रामनाथ जायसवाल आ. स्व. धंतलाल जासीवाल, मध्यप्रदेश बैढ़न के गोभा बहरपान निवासी 41 वर्षीय अशोक कुमार गुर्जर आ. श्यामबिहारी, सिंगरौली विन्ध्यनगर घोटी निवासी 25 वर्षीय संतोष कुमार भर्ती आ. रामलाल भारती, बैढें बलियारी रोड निवासी 32 वर्षीय राजाराम शाह आ. मोतीलाल शाह, बैढन हरई निवासी 55 वर्षीय शम्भू पांडेय आ. स्व. भानुराम पांडेय को पकड़ने के साथ ही आरोपियों के फड़ से 71 हजार 500 रुपए नगद, 14 नग मोबाइल फोन कीमत 1 लाख 45 हजार 900 रुपए व तीन बाइक 98 हजार रुपए कुल जुमला 3 लाख 15 हाजर 400 बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रघुनाथनगर संतलाल आयाम, वाड्रफनगर चौकी प्रभारी डाकेश्वर सिंह, बलंगी चौकी प्रभारी विजय दुबे, सउनि नन्दलाल, ललित एक्का, प्रधान आरक्षक पवन सिंह, कलेश पैकरा, वृजभान सिंह आरक्षक शिवकुमार पटेल, जुगेश जायसवाल, सुमन केरकेटटा, प्रेम कुमार, मनोज गुप्ता, श्रीकांत यादव, रामपुकार एवं अन्य सक्रिय रहे।

# चैन स्नेचिंग करने के मामले में दो आरोपी जशपुर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चेन स्नेचिंग के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से गला हुआ सोना, कार के साथ ही घटना में प्रयुक्त बाइक को बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ प्रदेश के साथ उड़ीसा, मध्यप्रदेश में भी अपराध दर्ज है और अपराधी पूर्व में भी कई घटनाओं को अंजाम दे चुके है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर के भट्ठी रोड केदारपुर निवासी अनिल कुमार शाह के माता पिता 24 अप्रैल को स्कूटी से पत्नी को बैठकर रिस्तेदार के घर लक्ष्मीपुर की ओर जा रहे थे।

- प्रदेश के साथ ही उड़ीसा, मध्यप्रदेश में भी दर्ज है अपराध, लूट का सोना, बाइक व कार बरामद



इस दौरान अस्पताल रोड में मणीपुर के समीप एक लाल रंग की बाइक पर दो युवक पीछे से पहुंचे और अनिल कुमार शाह की मां के गले से मंगलसूत्र छीनकर फरार हो गए। आरोपियों ने चेहरे को नकाब से ढका हुआ था। युवक द्वारा घटना की शिकायत मणीपुर पुलिस से की गई थी जिसके बाद पुलिस टीम हरकत में आई। इस दौरान पुलिस ने चौक चौराहों पर लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच करने के साथ ही आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इस दौरान साइबर सेल व पुलिस की टीम ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर जशपुर जिले के पत्थलगांव दीवानपुर निवासी 32 वर्षीय मंजय कुमार नट व 21 वर्षीय राजेश यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने मंगलसूत्र को गांव में आने वाले फेरी वाले सोनार से गलवाकर अपने रेनॉल्ट कार में छिपा दिया था। पुलिस ने आरोपियों से गला हुआ 15 ग्राम सोना, घटना में प्रयुक्त बाइक के साथ ही कार को बरामद किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ जशपुर में भी चोरी, लूटपाट, झपटमारी समेत दर्जनों अपराध दर्ज है जबकि रायगढ़, बैकुंठपुर, महासमुंद, उड़ीसा सुन्दरगढ़ उड़ीसा, मध्यप्रदेश की पन्ना पुलिस द्वारा भी आरोपियों के खिलाफ चलानी कार्रवाई की जा चुकी है। पुलिस ने आरोपियों को धारा 356, 379, 34 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मणीपुर प्रदीप जायसवाल, एसआई प्रेमसागर खुटिया, सउनि अजीत मिश्रा, नवल किशोर दुबे, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, सतीश सिंह, महेश सिंह, आरक्षक अनुज जायसवाल, मनीष सिंह, जितेश साहू, सुयश पैकरा, वीरेंद्र पैकरा, रमेश राजवाड़े, अशोक यादव, उपेंद्र सिंह, कुश सोनी, दिनेश यादव, अतुल शर्मा, इम्तियाज अली शामिल रहे।

### चुनाव तैयारियों की आज समीक्षा करेंगे रिटर्निंग अधिकारी

**अम्बिकापुर।** लोकसभा चुनाव के सफलतापूर्वक संचालन संबंधित कार्यों की संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सरगुजा के रिटर्निंग अधिकारी विलास भोस्कर की अध्यक्षता में 2 मई को अपरान्ह 3 बजे से कलेक्टोरेट सरगुजा के सभाकक्ष में की जायेगी। सर्व संबंधितों को निर्देशित किया गया है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 से संबंधित अपने प्रभार और दायित्व की आवश्यक जानकारी के साथ निर्धारित तिथि व समय में कलेक्टोरेट, सरगुजा के सभा कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

# भकुरा परिसर में एसजीजीयू लगाएगा सब स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संत गहिरा गुरू विवि प्रबंधन ने आगामी शिक्षा सत्र प्रारम्भ होने के पूर्व ग्राम पंचायत भकुरा स्थित निर्माणाधीन परिसर में प्रशासनिक कार्यालय सहित शिक्षण विभागों के स्थानांतरण की तैयारियां प्रारम्भ कर दी है। अधिकारी लगातार परिसर का भ्रमण कर आवश्यकता के अनुसार मूलभूत सुविधाएं विकसित करने की पहल कर रहे हैं। भकुरा परिसर में भवनों का निर्माण वर्षों से चल रहा है। निर्माण कार्यों के लिए परिसर में सिंगल फेस की बिजली से काम चलाया जा रहा है। प्रशासनिक कार्यालय एवं शिक्षण विभागों को स्थानांतरित करने के बाद सभी भवनों में विद्युत विस्तार करने के साथ ही आवासीय कालोनी में बिजली की जरूरत पड़ेगी। पहाड़ी के एकांत में परिसर के बड़े क्षेत्र को भी रोशन करने की जरूरत पड़ेगी। विश्वविद्यालय कार्यालय में भी दर्जनों कम्प्यूटर सहित अन्य मशीनें संचालित है। ऐसे में विवि प्रबंधन ने भकुरा परिसर में स्वयं का विद्युत ट्रांसफार्मर लगाने का निर्णय लिया है। परिसर में नेटवर्क सुविधा की भी जरूरत पड़ेगी। कार्यसमिति की बैठक में दोनों कार्यों की स्वीकृति मिलने के बाद सोमवार को कुल सचिव डॉ.एसपी त्रिपाठी ने विद्युत विभाग एवं बीएसएनएल के अधिकारियों से चर्चा की। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने वस्तुस्थिति से अवगत होने के बाद एक सप्ताह के भीतर विद्युत उपकेन्द्र का स्टीमेट उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है वहीं बैठक में हुई चर्चा के बाद बीएसएनएल के कर्मचारियों ने भवनों में नेटवर्क केबल विस्तार करने के लिए सर्वे का कार्य प्रारम्भ कर दिया है। कुल सचिव डॉ.त्रिपाठी ने बताया कि विवि ने अपनी विद्युत जरूरतों की पूर्ति के लिए स्वयं का विद्युत उपकेन्द्र नेटवर्क सुविधा विकसित करने का निर्णय लिया है। दोनों विभागों से एस्टीमेट मांगा गया है। कार्यालय एवं शिक्षण विभागों को आवश्यकता के अनुरूप मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो इसके लिए सभी तैयारियां की जा रही है।

- कार्यालय स्थानांतरित करने की तैयारियां प्रारम्भ विभाग से मांगा एस्टीमेट

### विधानसभा चुनाव की तरह ही लोकसभा में भी कांग्रेस का सूपड़ा साफ होगा, सीएम ने सीतापुर में की चुनावी सभा

# विश्वगुरु बनाने के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाना होगा : साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ सबका विकास और सबका प्रयास के मार्ग पर चलते हैं। उनके लिए गरीब, किसान, महिलाएं, युवा प्राथमिकता हैं। ऐसे में उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। यदि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाना चाहते हैं तो आपका प्रत्येक वोट मोदी जी को मिलना चाहिए।सीएम श्री साय बुधवार को सीतापुर विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा प्रत्याशी के लिए चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के तीसरी



बार पीएम बनने के बाद छूट गए लोगों को भी पक्का मकान मिलेगा। छत्तीसगढ़ में पांच साल कांग्रेस की सरकार रहने की वजह से जो विकास कार्य रुक गए थे, वह सब तेज गति से होने लगे हैं। उन्होंने कहा कि आज फिर महतारी वंदन योजना की तीसरी किश्त भेज दी गई है। सीएम श्री साय ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जिस तरह सरगुजा संभाग में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हुआ है, वैसा ही हश्र लोकसभा चुनाव में भी होना चाहिए। सीतापुर विधानसभा के विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि सीएम विष्णु देव साय के नेतृत्व में सिर्फ तीन महीने में ही राज्य के विकास को नई दिशा मिली है। इसका सबसे अधिक लाभ सीतापुर विधानसभा को मिलेगा। सिर्फ एक बार मांग करने पर डेढ़ सौ करोड़ रुपये की लागत से विधानसभा क्षेत्र की सड़कों के निर्माण को मंजूरी दी गई। तीनों ब्लॉक में प्री मैट्रिक छात्रावास को मंजूरी दी जा चुकी है। लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि नरेंद्र मोदी बड़े और साहसिक निर्णय लेने के लिए जाने जाते हैं। देश जब आजादी के सौ साल मना रहा होगा, उसके लिए अभी से निर्णय नरेंद्र मोदी कर चुके हैं। भारत के ऐसे महान सपूत को तीसरी बार देश की बागडोर सौंपनी है। कांग्रेस के लोग अल्पसंख्यकों, पिछड़े और आदिवासियों को गुमराह कर रहे हैं। कार्यक्रम को चिंतामणी महाराज ने भी संबोधित किया। इस दौरान भाजपा सरगुजा संभाग प्रभारी राजा पांडे, भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, लोकसभा संयोजक कमलभान सिंह, पूर्व मंत्री रामसेवक पैकरा, अनिल सिंह मेजर, भारत सिंह सिसोदिया, हरपाल सिंह भामरा, अंबिकेश केशरी, रामलखन पैकरा, राजकुमार अग्रवाल, देवनाथ पैकरा, रोशन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता व आम जनता उपस्थित थे।



# डेब्यू के बाद भी जिम्मी शेरगिल को घर से मांगने पड़ते थे पैसे

**मुंबई।** जिम्मी शेरगिल ने अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत माचिस फिल्म से की थी। हालांकि उन्होंने फिल्म में छोटा सा किरदार निभाया था, बावजूद इसके उन्हें पहचान मिली थी। लेकिन उतना पैसा नहीं मिला था, जिससे वो मुंबई में आसानी से सरवाइव कर पाते। जिम्मी ने बताया कि उनकी स्थिति कब और कैसे सुधरी थी। जिम्मी ने बताया कि बॉलीवुड में पहचान बनाने की उनकी राह आसान नहीं थी। उन्हें कई साल लग गए थे। इस बीच गुजारा करने के लिए उन्हें अपने घर से पैसे मंगवाने पड़ते थे। इसके लिए वो बेहद शुक्रगुजार भी हैं. जिम्मी ने बताया कि बावजूद इसके उन्होंने कभी घर वापस जाने की नहीं सोची।

लाइफ Style



# हिना
## जल्द गिप्पी ग्रेवाल संग आएंगी नजर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

टीवी पर आदर्श बहू का किरदार निभाकर अलग पहचान बना चुकीं हिना खान यूं तो एक्टिंग की दुनिया में खूब नाम कमा चुकी हैं, टीवी के बाद वह एक फिल्म में भी नजर आ चुकी हैं। इन दिनों वह अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर बिजी हैं।

हिना खान सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं।अपनी फैंस के साथ वह सोशल मीडिया के जरिए जुड़ी रहती हैं और अपना हर अपडेट उनके साथ शेयर करती हैं। इन दिनों हिना खान अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर बिजी हैं। इसी प्रोजेक्ट से उन्होंने एक फोटो शेयर की है।

पहली पोस्ट में एक क्रॉस ओवर ब्रिज पर एक पुलिस वैन दिखाई दे रही है। जिस पर रात 12:43 का समय दिखाया गया है। जिसमें 'बिहाइंड द सीन्स' है। इसके अलावा एक्ट्रेस ने दूसरी पोस्ट शेयर की है, जिसमें उनके माथे पर चोट लगी दिखाई दे रही है। इन फोटोज को शेयर करते हुए हिना खान ने तस्वीर के कैप्शन में लिखा, 'क्या आप मेरी चोट देख रहे हैं खैर, ये असली नहीं है।' इसके बाद हिना ने सभी को शुभ रात्रि कहने से पहले ऐसा दिखने के लिए अपने मेकअप आर्टिस्ट सचिन की तारीफ की है।

हिना ने प्रोजेक्ट के बारे में और कोई जानकारी शेयर नहीं की है। जल्द एक्ट्रेस गिप्पी ग्रेवाल और शिंदा ग्रेवाल के साथ पंजाबी फिल्म 'शिंदा शिंदा नो पापा' में नजर आने वाली हैं।

हॉलीवुड मसाला




# 'एवेंजर्स' की शूटिंग अगले साल

**मुंबई।** अगर आप हॉलीवुड फिल्मों के शौकीन हैं तो आपने एवेंजर्स फिल्म सीरीज जरूर देखी होगी. इस फिल्म को फैंस खूब पसंद करते हैं। साल 2019 में इस सीरीज की पिछली फिल्म आई थी। इसके बाद से ही सभी को इस सीरीज की अगली फिल्म का इंतजार है। अब इसे लेकर धीरे-धीरे डिटेल्स आने लग गई हैं। एवेंजर्स एंडगेम के बाद कहानी के प्लॉट में काफी बदलाव किया जा रहा है।रिपोर्ट्स की मानें तो इस बार सुपरहीरोज की टीम ज्यादा बड़ी नहीं होगी और लिमिटेड स्टार्स ही अगली फिल्म की कास्ट में शामिल होंगे।




# बीबर ने कोचेला में परफॉर्मेंस के बाद शेयर की रोते हुए फोटो...

**मुंबई।** जस्टिन बीबर की इंडिया में भी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। उन्होंने हाल ही में कोचेला में परफॉर्म किया, जिसकी फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इसी के साथ उन्होंने अपनी रोती हुई फोटोज भी पोस्ट कीं, जिन्हें देखकर फैंस शॉक्ड रह गए। हर कोई पूछ रहा है कि आखिर जस्टिन को हुआ क्या है? उन्होंने कोचेला की भीड़ को तब हैरान दिया, जब वो एक गाने के लिए टेम्स के साथ स्टेज पर पहुंचे। उनकी परफॉर्मेंस ने सबका दिल जीत लिया। इसके बाद जस्टिन ने अपनी कुछ फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर कीं, लेकिन दो तस्वीरों में उनकी आंखों में आंसू देखकर फैंस हैरान रह गए। 30 साल के जस्टिन बीबर की जिंदगी रोलर-कोस्टर की तरह रही है। उन्होंने कई अप्स एंड डाउन देखे। उन्हें 'रामसे हंट सिंड्रोम' नाम की बीमारी हो गई, जिसकी वजह से उनके आधे चेहरे पर पैरालिसिस हो गया था।



# कल्कि 2898... की तुलना हॉलीवुड मूवी से

**मुंबई।** साउथ के फेमस स्टार प्रभास की अपकमिंग मूवी 'कल्कि 2898 एडी' लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। ये फिल्म पहले 9 मई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे आगे खिसकाकर 27 जून कर दिया गया है। इस बीच कुछ यूजर्स ने दावा किया कि ये फिल्म हॉलीवुड मूवी 'ड्यून' से मिलती-जुलती लग रही है। अब इस पर डायरेक्टर नाग अश्विन ने जवाब दिया है। हैदराबाद में वीएफएक्स समिट में नाग अश्विन से पूछा गया कि उनकी आने वाली फिल्म 'ड्यून' जैसी क्यों दिखती है और क्या उन दोनों में कोई समानता है? इसके जवाब में उन्होंने कहा, यह रेत के कारण है। उन्होंने देखा कि फिल्म में रेत है, नहीं? बेसिकली, जब भी रेत होगी, यह ड्यून की तरह दिखेगी।'अमेरिकन साइंस फिक्शन मूवी 'ड्यून' का पहला पार्ट साल 2021 में आया था।




# राजकुमार हुए भेदभाव के शिकार...

**मुंबई।** राजकुमार राव आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। एक्टर ने अपनी मेहनत से पहचान बनाई है, लेकिन उनकी ये राह आसान नहीं थी। उन्होंने बताया कि इसके लिए उन्हें भेदभाव सहना पड़ा, कई बार फिल्मों से बिना वजह रिप्लेस किए गए। अपने अब तक के पूरे करियर में उन्होंने इंडस्ट्री के कई रंग देखे हैं। राजकुमार जल्दी ही दिव्यांग बिजनेसमैन श्रीकांत बोला की बायोपिक फिल्म 'श्रीकांत' में नजर आने वाले हैं। जैसे फिल्म की टैगलाइन में कहा गया है कि 'आ रहा है सबकी आंखें खोलने' वैसे ही राजकुमार ने बताया कि कैसे इंडस्ट्री में उनकी आंखें खुलती गई हैं। एक्टर बोले- शुरुआत में मुझे कई फिल्म्स में से रिप्लेस किया गया था, क्योंकि कुछ बड़े एक्टर्स उन फिल्मों को करना चाहते थे। मुझे लगा था वाह सच में यहां ऐसा होता है।

टीवी मसाला

# पर्दे पर वापसी को तैयार हैं 'चकोर'

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस मीरा देओस्थले को 'चकोर'से घर-घर में पहचान मिली थी। इस सीरियल से खूब लोकप्रियता हासिल करने वाली एक्ट्रेस मीरा देओस्थले ने साल 2014 में सीरियल 'ससुराल सिमर का' डेब्यू किया था। इस सीरियल में वह सपोर्टिंग रोल में नजर आई थीं। उसके बाद वह 'जिंदगी विन्स और 'दिल्ली वाली ठाकुर गर्ल्स जैसे सीरियल्स का हिस्सा रही थीं। इन दिनों मीरा टीवी शो 'कुछ रीत जगत की ऐसी हैं, में नंदिनी की भूमिका में नजर आ रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने इस सीरियल में काम करने और मैरिज इंस्टिट्यूशन पर अपनी राय पेश की। वह कहती हैं कि शादी एक खूबसूरत बंधन के साथ -साथ बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। मीरा ने कहा, 'मुझे लगता है कि शादी एक खूबसूरत मिलन है और एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। एक नए परिवार में आते ही एक महिला का जीवन बदल जाता है। मेरे किरदार नंदिनी के लिए, रतन्शी परिवार का हिस्सा होने का उत्साह बहुत अधिक है, लेकिन इसके पीछे असहज तनाव छिपा हुआ है। उन्होंने आगे कहा, 'नरेन के पिता हेमराज एक चेतावनी देते हैं, और रौनक की छिपी हुई हरकतें भ्रम को बढ़ा देती हैं।



# टेंशन फ्री रहने के लिए डांस का सहारा लेती हैं 'अंगूरी भाभी'...

**नई दिल्ली।** टेलीविजन शो 'भाभीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाभी का किरदार निभाने के लिए मशहूर अभिनेत्री शुभांगी अत्रे कलाकार होने के साथ-साथ डांस टीचर भी हैं। उन्होंने कहा कि डांस उन्हें तनाव और नकारात्मकता दूर करने में मदद करता है। 'इंटरनेशनल डांस डे'पर डांस के प्रति अपने जुनून के बारे में बात करते उन्होंने कहा, 'एक एक्ट्रेस होने के अलावा मैं एक अनुभवी डांसर और ट्रेनर भी हूं। डांस मेरी पहचान का अहम हिस्सा है। यह एक आध्यात्मिक और भक्तिपूर्ण नृत्य शैली है जो हर गतिविधि को गहरे अर्थ से भर देती है। कथक प्रदर्शन के दौरान तबला और सितार जैसे वाद्ययंत्रों के साथ बजाया जाने वाला पारंपरिक संगीत एक अलौकिक माहौल बनाता है जो मेरे भीतर गहराई तक गूंजता है।'



# सपना चौधरी ने ऐसा जमाया रंग कि देखते रह गए फैन्स




**नई दिल्ली ।** सपना चौधरी को कौन नहीं जानता ? तेरी आंख्या का यो काजल पर डांस कर उन्होंने ऐसी पॉपुलैरिटी हासिल की है कि सब यही सोचते हैं कि ये गाना उनका है। जबकि ये गाना डीसी मदाना का है। लेकिन इसे पॉपुलैरिटी दिलाई सपना चौधरी ने। सपना ने अपने प्रोग्राम्स और इवेंट्स में इस गाने पर इतनी बार परफॉर्म किया कि ये गाना उन्हीं का पेटेंट लगता है। डांस के मामले में सपना ने अपना मुकाम बनाने में काफी मेहनत लगती है। कभी सिर्फ लोकल प्रोग्राम करने वालीं सपना आज म्यूजिक वीडियोज करती हैं, बॉलीवुड फिल्म में नजर आ चुकी हैं और यहां तक कि छोटे पर्दे के सबसे कंट्रोवर्शियल शो बिग बॉस का हिस्सा भी बन चुकी हैं।

***फिर दिखा पुराना अंदाज :*** सपना के सोशल मीडिया अकाउंट में एक वीडियो में उनका पुराना अंदाज दिखा। पुराना लुक इसलिए, क्योंकि अब सपना का स्टाइल बदल चुका है। उन्होंने अपने ही गाने 'गोरी वी हलवे हलवे चाल' पर एक वीडियो शेयर किया।

इस फिल्म का पहले रखा गया था नाम 'नफरत के वारिस'

# कयामत से कयामत तक ने पूरे किए शानदार 36 साल

**नई दिल्ली।** कयामत से कयामत तक 1988 में रिलीज हुई, एक ऐसी टाइमलेस बॉलीवुड लव स्टोरी है, जिसने कई पीढ़ियों से दर्शकों के दिलों पर राज किया है। फिल्म के गाने से लेकर कहानी और कलाकार सब पसंद किए गए। यह सिनेमा के इतिहास की सबसे पसंदीदा रोमांटिक फिल्मों में से एक के रूप में अपनी 36वीं वर्षगांठ मना रही है। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले आमिर खान ने बतौर लीड एक्टर फिल्म कयामत से कयामत तक से अपनी शुरुआत की थी। राज के रूप में उन्हें दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों ने खूब पसंद किया था। इतना ही नहीं फिल्म में उनकी जूही चावला के साथ केमिस्ट्री ने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा था। फिल्म में दोनों के बीच के रोमांस ने सभी के दिलों को धड़काया था। इस फिल्म ने आमिर खान और जूही चावला को बॉलीवुड में एक मजबूत स्थान दिया था और इस तरह फिल्म ने उन्हें इंडियन फिल्म इंडिस्ट्री में एक आइकॉनिक फिगर्स में से एक बना दिया।



### शानदार थी फिल्म की कहानी

कयामत से कयामत तक फिल्म का पहले नाम 'नफरत के वारिस' रखा गया था। लेकिन फिर इस नाम को बदलकर कयामत से कयामत तक कर दिया गया था। मंसूर खान की इस फिल्म की कहानी न सिर्फ शानदार थी, बल्कि इसके टाइमलेस गाने ने भी लोगों पर गहरी छाप छोड़ी। आनंद-मिलिंद द्वारा कंपोज्ड और मजरूह सुल्तानपुरी द्वारा लिखे गए, यह साउंडट्रैक अपनी इमोशनल गहराई की वजह से दर्शकों के बीच तुरंत हिट हो गए। पापा कहते हैं, अकेले हैं तो क्या गम है और ऐ मेरे हमसफर जैसे सॉन्ग्स आज भी खूब पॉपुलर हैं।

## बोरिया बिस्तर समेटने की ला दी थी नौबत


# हिंदी सिनेमा की वो फिल्में जिन्होंने कर दिया डायरेक्टर्स का बंटाधार

*शोबिज में फिल्में हिट होने और फ्लॉप होने का खेल पूरे साल चलता है। यहां तक कि दर्शक भी बॉक्स ऑफिस आंकड़ों के अनुसार फिल्मों को टोटलते हैं। फिल्म इंडस्ट्री का ये बिजनेस तो लोगों को खूब समझ आता है, लेकिन एक फ्लॉप फिल्म कितनों को बर्बाद करती है इस पर ज्यादा बात नहीं होती। इंडस्ट्री में कई ऐसी फिल्में भी हैं जिन्होंने इसे बनाने वाले का बंटाधार कर दिया।*

मुंबई। फिल्म इंडस्ट्री देश के बड़े बिजनेस हब में शामिल है। फिल्म बनाने से लेकर उसे बेचने तक, रिलीज से पहले कई पड़ाव आते हैं, जिसमें खूब पैसा भी लगता है। जब कोई फिल्म हिट हो जाती है, तो लागत और प्रॉफिट के साथ पैसा लगाने वालों की चांदी हो जाती है। वहीं, अगर फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पिट गई, तो प्रोडयूसर्स का भट्ठा बैठ जाता है। जितनी महंगी फिल्म उतना ज्यादा नुकसान। फिल्म इंडस्ट्री में कई ऐसी फिल्में भी रही हैं, जिन्होंने डायरेक्टर्स का बंटाधार कर दिया। फ्लॉप फिल्म के साथ सिर्फ एक्टर्स ही नहीं, बल्कि फिल्म पिटने के लिए डायरेक्टर्स भी बराबर के जिम्मेदार ठहराए जाते हैं। कई बार तो फिल्ममेकर्स का करियर खत्म होने तक की नौबत आ जाती है।

### जानी दुश्मन

साल 2002 में आई जानी दुश्मन- एक अनोखी कहानी मल्टीस्टारर फिल्म थी। सनी देओल से लेकर अक्षय कुमार तक फिल्म में कई बड़े सितारे थे। जानी दुश्मन में लगभग 22 एक्टर्स शामिल थे। फिल्म का डायरेक्शन राज कोहली ने किया था, जो बॉलीवुड के जाने- माने फिल्ममेकर रहे थे। इस फिल्म को हिट बनाने के लिए कई पैंतरे आजमाए गए, लेकिन जब जानी दुश्मन रिलीज हुई, तो बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई। जानी दुश्मन के बाद राज कोहली ने फिर कोई फिल्म डायरेक्ट नहीं की।




### कलंक

आलिया भट्ट, वरुण धवन, माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, सोनाक्षी सिन्हा और आदित्य रॉय कपूर समेत कलंक में 6 बड़े स्टार्स शामिल थे। साल 2019 में आई इस फिल्म पर मेकर्स ने खूब पैसा लगाया था। कलंक के महंगे सेट की चर्चा भी हुई थी। करण जौहर ने फिल्म का प्रोडक्शन किया था और अभिषेक वर्मन ने डायरेक्ट किया था। कलंक को लेकर कई दावे किए गए थे, लेकिन जब रिलीज हुई थी फ्लॉप साबित हुई। करण जौहर ने फिल्म को एक धक्के की तरह बताया था। वहीं, अभिषेक वर्मन के करियर को भी कलंक ने नुकसान पहुंचाया, क्योंकि इसके बाद उन्होंने अभी तक कोई फिल्म डायरेक्ट नहीं की है। ये फिल्म वरुण धवन के करियर की पहली फ्लॉप फिल्म बनी। वहीं, आलिया भट्ट के करियर की सबसे बड़ी डिजास्टर फिल्म है। कलंक से पहले अभिषेक वर्मन ने 2 स्टेट्स डायरेक्ट की थी।




### रा-वन

शाह रुख खान और करीना कपूर स्टारर रा-वन एक बड़ी फिल्म थी। साल 2011 में रिलीज हुई इस फिल्म का हाल भी बॉक्स ऑफिस पर बेहाल साबित हुआ। रा-वन का डायरेक्शन अनुभव सिन्हा ने किया था, जो बॉलीवुड में हिट फिल्में देने के लिए जाने जाते हैं, लेकिन रा-वन ने उनकी भी कमर तोड़ दी। एक इंटरव्यू में अनुभव सिन्हा ने कहा था कि अगर 'मैं कमजोर इंसान होता, तो 2011 में रा-वन की असफलता के बाद खुद की जान ले लेता।'



### आतंक ही आतंक

आमिर खान फिल्म इंडस्ट्री के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाते हैं। फिल्म को लेकर उनकी नजर पारखी है। हालांकि, उनके खाते में भी कई फ्लॉप फिल्में हैं। 1995 में आई आतंक ही आतंक एक गैंगस्टर ड्रामा थी, जो मारियो पूजो की द गॉडफादर से प्रेरित थी। फिल्म में आमिर खान के साथ- साथ रजनीकांत और जूही चावला भी थे। ये वो दौर था, जब तीनों सुपरस्टार बन चुके थे। फिल्म को लेकर खूब हाइप बनी हुई थी, लेकिन रिलीज के बाद का नजारा हैरान करने वाला था।



## खबर संक्षेप

### निर्माणाधीन मकान से चोरों ने पार किया सामान

**अम्बिकापुर।** सीतापुर थाना अंतर्गत मुलाजिम पारा निवासी वेद प्रकाश शुक्ला आ. सुर्यामणी शुक्ला (32 वर्ष) सोनतराई कोठी पहाड़ चौक के समीप दान में मिले जमीन पर घर बना रहा है। निर्माणाधीन मकान में छड़, बिजली लाने के लिए खंभा, वायर सहित अन्य सामान रखा था। कुछ सरिया को उपचार घर बनाने में किया था जबकि तीन बंडल सरिया बचा था। सोमवार को सरिया सहित अन्य सामान को निर्माणाधीन मकान में रखकर घर चला गया। दूसरे दिन आया था तो देखा सरिया, खंभा, विद्युत वायर सहित लगभग 20 हजार कीमत का सामान गायब थे। घटना की रिपोर्ट सीतापुर थाने में दर्ज कराई।

### पेड़ के नीचे खड़ी बाइक ले उड़े चोर, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** पस्ता थाना अंतर्गत ग्राम लुरगी निवासी राम कुमार दास आ. स्व. कबिलास राम (34 वर्ष) 17 फरवरी को पत्नी श्रीमती गुलाबी दास के साथ बाइक क्रमांक सीजी 15 सी 8730 से ग्राम दोहना मामा ससुर सुखराम के यहां अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। युवक बाइक को हनुमान मंदिर समीप पेड़ के नीचे खड़ा कर अंतिम संस्कार में चला गया। शाम को वापस आया तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट गत दिन शंकरगढ़ थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

**न्यायालय अपर कलेक्टर, एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

क्रमांक / 102 /वाचक/2024 सूरजपुर, दिनांक 30 अप्रैल 2024

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश राजवाड़े आ. स्व. दशरथ राजवाड़े निवासी ग्राम सूरजपुर तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.) ने आवेदिका माया राजवाड़े आ. स्व. प्रेम प्रसाद निवासी कैलाशपुर तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.) के द्वारा इस न्यायालय में विवाह हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, उम्र के सत्यापन हेतु अंकसूची की छायाप्रति, एवं आधार कार्ड की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। जिस पर न्यायालय द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/दावा हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 10.05.2024 को दिन के 2:00 बजे उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक को 30.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**अपर कलेक्टर**
**एवं विशेष विवाह अधिकारी**
**जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

## राष्ट्र निर्माण में मजदूरों की भूमिका अहम

# खनिक दिवस पर हुआ ध्वजारोहण कामगारों को किया गया पुरस्कृत



मजदूरों को सम्मानारित करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एक मई अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस (खनिक दिवस) के अवसर पर एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में परंपरा अनुसार कोल इंडिया का ध्वज फहराकर क्षेत्र के उत्कृष्ट कामगारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्टॉफ ऑफिसर योजना-परियोजना जगदीश चन्द जांगीर ने कोल इंडिया का ध्वज फहराया ,कोल इंडिया कॉर पोरेट गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई।कार्यक्रम को जेसीसी सदस्यों ने संबोधित करते हुए मजदूर दिवस पर अपने विचार रखे।इस दौरान एटक के पंकज गर्ग ने एक मई को ऐतिहासिक दिन बताते हुए कहा कि अमेरिका के शिकागो में 1 मई 1886 को मजदूरों के द्वारा काम के घंटे निर्धारित करने के लिए आंदोलन किया गया जिसमें सात मजदूरों की शहादत हुई।इसी के बाद मजदूरों के काम के घंटे निर्धारित हुए।आठ घंटे मजदूरी का समय निर्धारित होने के बाद मजदूरों को बड़ी राहत मिली। भारत में सन 1923 से हम इस दिवस को मनाने लगे। श्री गर्ग ने इसे ऐतिहासिक दिन होने की बात कही। उक्त सभा को देवेंद्र मिश्रा, डीएस सोढ़ी, ऑफिसर एसोशियेशन के क्षेत्रीय सचिव अमरेंद्र नारायण ने भी अपनी बातों को रखा।अमरेंद्र नारायण ने कहा कि मेरा मानना है कि कोल इंडिया प्राइवेट सेक्टर की ऐसी कंपनी है जो अपने कामगारों को अन्य प्राइवेट सेक्टर की तुलना में सबसे अधिक वेतन और सुविधाएं प्रदान करती है , इसमें घरेलू व चिकित्सा सुविधा एहम है इसलिए हम सब को भी यही प्रयास करना चाहिए कि कंपनी का अस्तित्व बना रहे और लाभ की ओर अग्रसर रहे।मुख्य अतिथि जीसी जांगीर ने अपने उद्बोधन में कहा कि वास्तव में मजदूर किसी भी परियोजना की रीढ़ होते हैं ।मजदूर के बिना हम विकास व निर्माण की कल्पना नहीं कर सकते।पहले के मुकाबले मजदूरों की स्थितियां बदली है आज कोल सेक्टर का मजदूर अच्छे रहन सहन के साथ अपने परिवार की बेहतर ढंग से परवरिश कर रहा है, उसे हर सुख सुविधाएं मिल रही है।मजदूरों का भी कर्तव्य बनता है की वे कंपनी के हितों की ईमानदारी पूर्वक रक्षा करे और पूरे आठ घंटे ईमानदारी से ड्यूटी कर कंपनी को लाभ की ओर अग्रसर करें।इस दौरान क्षेत्र के दस उत्कृष्ट कोल कामगारों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में अनुपम दास सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**खास बात**

- विभिन्न ग्राम पंचायतों में किया गया कार्यक्र का आयोजन

### खनिक दिवस पर क्षेत्र को आधा दर्जन पुरस्कार हुए हासिल

खनिक दिवस पर कंपनी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र को आधा दर्जन पुरस्कार प्राप्त हुए।उक्त पुरुष्कार जीएम ऑपरेशन डॉ संजय सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने प्राप्त किया ।कंपनी में बेस्ट डोजर ऑपरेटर का खिताब आमगांव के मुख्तार हुसैन को प्राप्त हुआ। जबकि युडीएम ऑपरेटर कुलदीप को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। एरिया अनुसार ओवर ऑल परफार्मेंस ग्रुप सी में बिश्रामपुर को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ,इसके अलावा अंडर ग्राउंड माईन वाइस ग्रुप सी में बलरामपुर खदान को तीसरा पुरस्कार, एन्वायरमेंट मैनेजमेंट में बिश्रामपुर क्षेत्र को दूसरा पुरुस्कार ,प्रोजेक्ट डेवलपमेंट माइल स्टोन एचीवमेंट में क्षेत्र को दूसरा तथा आमगांव को ग्रुप सी में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

## विश्व श्रमिक दिवस पर श्रमिकों का किया सम्मान



**सूरजपुर।** नगर के साधु राम विद्या मंदिर में विश्व मजदूर दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। साथ ही मजदूरों की मेहनत और योगदान को याद किया गया। विद्यालय के ड्राइवर, हेल्पर, सफाई कर्मचारी, गार्डनर सहित 50 कर्मचारियों को संस्था को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका होने पर विद्यालय प्रबंधन ने श्रमिक दिवस के अवसर पर उन्हें सम्मानित करने का निर्णय लिया। सभी कर्मचारियों को तिलक लगाकर एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया। सम्मान समारोह में शिक्षकों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत की। श्रमिकों के मनोरंजन के लिए खेल आयोजित किए गए जिसमें भाग लेकर सभी उत्साहित नजर आए। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. राहुल अग्रवाल एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, विद्यालय के प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय ने अपने वक्तव्य में कहा कि सभी एक समान है केवल हमारे कार्य करने का तरीका अलग-अलग है। उपप्राचार्य डीडी तिवारी ने उन्हें विद्यालय का मजबूत आधार बताया। कार्यक्रम का संचालन तुलेश्वर राजवाड़े एवं महिमा चौधरी ने किया।

### अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस अंग वस्त्र देकर किया गया सम्मान



**रामानुजगंज।** आज अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर आज मजदूरों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अरुण केसरी एवं शैलेश गुप्ता के नेतृत्व में मजदूरों को उनके कार्य स्थल पर जाकर अंग वस्त्र प्रदान किया एवं शीतल पेय पिलाकर मजदूरों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान अश्वनी गुप्ता, पार्षद प्रमोद कश्यप, अजय यादव, अजय गुप्ता, विकास गुप्ता, विवेक यादव, सिद्धांत यादव, अमित गुप्ता, अमित सिंह, अनंत रवि, शुभम गुप्ता एवं अन्य उपस्थित रहे।

### समाजसेवी संस्था जन चेतना कल्याण मंच ने किया मजदूरों का सम्मान



समाजसेवी संस्था जन चेतना कल्याण मंच द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर नगर के वार्ड क्रमांक 11 बाजार परिसर में मजदूर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में 51 मजदूरों को मुंह मीठा कराने तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जन चेतना कल्याण मंच के प्रादेशिक अध्यक्ष विकास दुबे के नेतृत्व में आयोजित मजदूर सम्मान समारोह में रामानुजगंज सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्र के बड़ी संख्या में मजदूर शामिल हुए। इस अवसर पर श्री दुबे ने कहा कि विगत कई वर्षों से अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर जन चेतना कल्याण मंच द्वारा भारत के निर्माता मजदूरों का सम्मान करते आ रहे हैं। आज भी अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 51 मजदूरों का मुंह मीठा कराकर एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस समाज और देश के विकास में श्रमिकों और श्रमिक वर्ग के योगदान को पहचानने का एक अवसर है। इस दौरान रसूल मंसूरी, सलाम मंसूरी, पारसनाथ पाल, दिलीप सोनी, दीपक ठाकुर, मिठू सोनी, अजय केवट सहित बड़ी संख्या में मंच के पदाधिकारी एवं मजदूर उपस्थित रहे।



## होम वोटिंग के लिए बुजुर्ग और दिव्यांगों के घर पहुंचा मतदान दल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

होम वोटिंग के लिए कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास ने हरी झंडी दिखाकर आज मतदान दल को रवाना किया। 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को घर में ही मत के अधिकार की सुविधा मिले इसके लिए तय रूट के अनुसार जिला संयुक्त कार्यालय से होम वोटिंग की गाड़ी रवाना हुई। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू की गई इस अभिनव पहल का हिस्सा बनने के लिए कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी भी मतदान दल के साथ रवाना हुए और सूरजपुर अंतर्गत मानपुर में श्रीमती जाहेदा के निवास पहुंचे। जहां बेसब्री से श्रीमती जाहेदा का परिवार मतदान दल की प्रतिक्षा कर रहा था। 86 वर्षीय श्रीमती जाहेदा अपने मत के अधिकार का प्रयोग करने के लिए तैयार बैठी थीं। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी ने फूलों का गुलदस्ता उन्हें भेट कर अपनी उपस्थिति में मतदान प्रक्रिया हेतु सभी औपचारिकता पूर्ण कराई। श्रीमती जाहेदा ने चेहरे पर मुस्कान लिए अपना मताधिकार का प्रयोग किया। इस अवसर पर उन्होंने होम वोटिंग सुविधा प्रदान करनें के लिए भारत निर्वाचन आयोग को धन्यवाद दिया। उन्होंने लोगों से लोकसभा आम निर्वाचन के अंतर्गत तीसरे चरण के लिए निर्धारित मतदान तिथि 7 मई के दिन बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की बात कही। श्रीमती जाहेदा द्वारा मतदान कर लोकतंत्र निर्माण में बहुमूल्य योगदान देने पर तथा जिले में पात्र मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने सराहना की। इस अवसर पर नरेंद्र पैकरा उप जिला निर्वाचन अधिकारी, श्रीमती शिवानी जायसवाल डिप्टी कलेक्टर, समीर शर्मा तहसीलदार, पंडित भारद्वाज बीईओ सेक्टर अधिकारी, निर्मल तिवारी पटवारी सह रूट प्रभारी तथा मतदान दल की उपस्थिति में मतदान संपन्न कराया गया।

- 86 वर्षीय श्रीमती जाहेदा ने घर बैठे किया मतदान



## अग्रवाल महिला मंडल द्वारा चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

नगर के सामाजिक संस्था अग्रवाल महिला मंडल द्वारा लोकसभा निर्वाचन को लेकर संस्था के माध्यम से मतदान जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सोशल मीडिया पर महिला मंडल के रिल्स को लेकर काफी सराहना मिल रही है। घरेलू महिलाओं द्वारा जन सेवा के लिए सामाजिक संस्था के रूप में किए जा रहे कार्यों के साथ अब मतदान को लेकर भी महिला वर्ग ने जन जागरण का बीड़ा उठाया है। उनके द्वारा बनाए गए वीडियो क्लिपिंग व रिल्स फेसबुक, वाट्सएप, इंस्टाग्राम एक्स के साथ सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर खूब वायरल हो रहे हैं। महिला मण्डल की सदस्यों ने 7 मई को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की बात कही। जिला प्रशासन के स्वीप कार्यक्रम का समर्थन करते हुए इस अभियान को गति दी है। इस दौरान महिला मण्डल की अध्यक्ष विजया गर्ग, लता गोयल, संगीता अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, सीमा गर्ग, मंजू गोयल, कनक गोयल, सोनू अग्रवाल, अदिति अग्रवाल, काजल अग्रवाल, नीता अग्रवाल, मेघा अग्रवाल, गीता अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, कुसुम अग्रवाल, सीमा गोयल, रैनी अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, रिंकी अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में महिला मण्डल की सदस्य उपस्थित थीं।

### अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर मनरेगा मजदूरों का किया गया सम्मान



**मानीचौक।** मजदूर राष्ट्र का प्रमुख अंग है बिना मजदूर न देश का काम चलता है और न ही समाज या समुदाय का। मजदूरों के सम्मान के लिए संविधान से कानून लागू कर 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर मनरेगा विभाग ने भव्य तरीके से अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया और मनरेगा के कार्य स्थल में ही मजदूरों का सम्मान करते हुए उन्हें जलपान कराया गया। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार मनरेगा पीओ ओपी तिवारी ने 30 अप्रैल को रोजगार सहायकों की बैठक लेकर ब्लाक के सभी ग्राम पंचायत में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाने को लेकर सचेत किया था। इसी तारतम्य में सभी ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक मनरेगा में मजदूरी करने वाले लोगों को अक्षत चंदन लगाकर व नाश्ता, गुड, चना व मीठा खिलाकर उनको सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत कुरुवा में ब्लाक स्तरीय मजदूर दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे मनरेगा पीओ ओपी तिवारी द्वारा मजदूरों को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही देश निर्माण में उनकी क्या भूमिका है इसके बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान सभी मजदूरों को मतदान करने जाने की शपथ दिलाई। इस दौरान सरपंच, उप सरपंच, रोजगार सहायक, इंजीनियर मधुमति, रोजगार सहायक सहित बड़ी संख्या में मजदूर उपस्थित रहे।

### गन्ने के खेत में लगा दी आग, एक लाख से अधिक की क्षति,अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** लटोरी पुलिस चौकी के कल्याणपुर निवासी कृषक इंदेशवर पिता लरंगसाय के गन्ने के खेत में मंगलवार की दोपहर को गांव के ही रिंकी सिंह व सींगो ने आग लगा दी जिससे उसके बाड़ी में लगा एक लाख रूपये से अधिक का गन्ना जल कर राख हो गया।घटना की सूचना मिलने पर लटोरी पुलिस ने आग लगाने वाले दोनों नामजद आरोपियों के खिलाफ धारा 435,34 का अपराध दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



### विश्व श्रमिक दिवस पर मजदूरों ने ली मतदान की शपथ

**राजपुर।** विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मनरेगा मजदूरों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी आर एक्का व जिपं सीईओ श्रीमती रेना जमील के निर्देश पर जनपद सीईओ अजय तिवारी के नेतृत्व में सभी 70 ग्राम पंचायतों में कुल 8286 मनरेगा मजदूरों को मतदान की शपथ दिलाई गई।



### अधिवक्ता संघ ने किया मजदूरों का सम्मान

विश्व श्रमिक दिवस पर अधिवक्ता संघ द्वारा मजदूरों का सम्मान किया गया। राजपुर व्यवहार न्यायालय के सामने अधिवक्ता संघ ने मजदूर दिवस के अवसर पर मजदूरों को साफा भेंट कर का सम्मान किया। इस अवसर में जयगोपाल अग्रवाल, सुनील सिंह, अशोक बेक, स्वतंत्र राजा मिश्रा, विकास तिवारी, अन्य थे।




























TOP IN SURGUJA









## खबर संक्षेप



### योग शिविर में प्रतिभागियों को मतदान के लिए किया गया प्रेरित

**अम्बिकापुर।** जिपं सीईओ नूतन कुमार कंवर के मुख्य आतिथ्य एवं अपर कलेक्टर अमृत लाला ध्रुव की अध्यक्षता में श्री श्री गुरूकुलम में आयोजित योग शिविर में मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग के अजय तिवारी ने अपने प्रतिवेदन में कहा कि सरगुजा संभाग के लगभग 40 सेवा योद्धा प्रतिभागी इस शिविर में योग गुरू के रूप में भाग ले रहे हैं। जिपं सीईओ कंवर ने कहा कि योग का जितना महत्व स्वस्थ शरीर के लिए होता है, लोकतंत्र की मजबूती के लिए उतना ही महत्व हर मत का होता है। आप सभी अपने-अपने क्षेत्र में जाकर शत-प्रतिशत मतदान हेतु अपना सहयोग प्रदान करें। अपर कलेक्टर श्री ध्रुव ने कहा कि आगामी लोकसभा निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान करें साथ ही अपने आसपास रहने वाले लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुनीता दास व आभार प्रदर्शन जिला परियोजना अधिकारी गिरीश गुप्ता ने किया। इस दौरान रजनीश, महिमा, शालिनी, प्रीति, कमलेश वर्मा आदि उपस्थित थे।

### यात्री प्रतीक्षालय में लोगों को दिया गया गुड व पानी



**प्रतापपुर।** स्काउट गाइड प्याऊ जल व्यवस्था के तहत यात्री प्रतीक्षालय बस स्टैंड में शाउमा.विद्यालय करसी के स्काउट, रोवर द्वारा विकासखण्ड सचिव प्रेम सिंधु, सिंधु मिश्रा, रोवर लीडर विनय कुमार तिवारी, प्रभारी राजेश कुमार तिर्की की उपस्थिति में यात्रियों को गुड के साथ पानी पिला कर तपती धूप मे प्यास बुझाया गया। इस पुनीत कार्य में राजघराना होटल के संचालक राजेश गुप्ता द्वारा गुड की व्यवस्था किया गया। आज यात्री प्रतीक्षालय में बड़ी संख्या में लोगों गुड का आनंद लिया। ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों व यात्रियों के लिए भीषण गर्मी में सराहनीय पहल है।

### इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों व अध्यापकों ने निकाली मतदाता जागरूकता बाइक रैली



**अम्बिकापुर।** इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य डॉ.रामनारायण खरे के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता बाइक रैली निकाली। रैली में महाविद्यालय के यूजी एवं पीजी की छात्र-छात्राए, एनएसएस, स्वयंसेवक, रेडरिबन, स्वीप कैंपस, एम्बेसडर, कर्मचारी विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इंजीनियरिंग कॉलेज से शुरू बाइक रैली ने डिगमा, सरगंवा, प्रतापपुर नाका, गुदरी चौक, सदर बाजार, घड़ी चौक, गांधी चौक, अम्बेडकर चौक से साईं बाबा कॉलेज होते हुए इंजीनियरिंग कॉलेज पहुंचकर समाप्त हुई। रैली में शामिल लोगों ने नारा लगाकर शहरवासियों को 7 मई को अवश्य मतदान करने के लिए जागरूक किया। अंत में प्राचार्य डॉ.खरे ने सभी को शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलायी। इस दौरान यातायात शाखा से सहायक उपनिरीक्षक कुंदन राम मिंज, आरक्षक लालमन सिंह, महाविद्यालय के स्वीप प्रभारी डी कोसले, एनएसएस प्रभारी डॉ.विजय कुमार द्ववेदी, डॉ.रोबिन थॉमस, श्रीमती जैस्मिन मिंज, डॉ.केतन चौरसिया, डॉ.एचआर सूर्यवंशी, श्रीमती पूनम दीवान, डॉ.आरके साहू, प्रेमशंकर तिवारी, अंकित राज निराला, डॉ.एच चंद्रा, पियूष राय आदि उपस्थित थे।

## तीन महीने पूर्व से चल रहा शेड एवं सौंदर्यीकरण का कार्य

# रेलवे स्टेशन परिसर में विकास कार्यों की धीमी रफ्तार से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण एवं प्लेटफार्म पर शेड निर्माण की धीमी गति के के कारण यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। जिस रफ्तार से स्टेशन के सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है इसके पूरा होने में लम्बा समय लग सकता है। अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन से ट्रेनों का संचालन शुरू हुए 16 वर्ष गुजर गए हैं लेकिन अभी स्टेशन में मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी है। प्रदेश की राजधानी रायपुर सहित अन्य राज्यों के लिए ट्रेन चलाने की वर्षों से चल रही मांग का निराकरण होना तो दूर अभी तक प्लेटफार्म पर आवश्यकता के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध हैं। लम्बे इंतजार के बाद रेलवे ने गतिशक्ति योजना के तहत प्लेटफार्म पर यात्रियों की सुविधा के लिए शेड निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की है। योजना के तहत 5.3 करोड़ की लागत से पिछले तीन महीनों से विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं। विपरीत मौसम में यात्रियों की असुविधा को देखते हुए प्रारम्भ से ही प्लेटफार्म पर शेड निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। प्रारम्भ से ही प्लेटफार्म के मध्यम में बने दो शेड से काम चलाया जा रहा था। मंत्रालय की स्वीकृति मिलने के बाद ठेकेदार ने दोनों तरफ 3-3 शेड का निर्माण कर दिया है लेकिन अभी शेड के विद्युतिकरण सहित अन्य सुविधाओं का विस्तार नहीं हो सका है। शेड में यात्रियों के बैठने के लिए कुर्सी सहित लाइट-पंखा लगाने का इंतजार किया जा रहा है। योजना का क्रियान्वयन एवं नियंत्रण रायपुर मुख्यालय से होने के कारण रेलवे के स्थानीय अधिकारी विकास कार्यों के संबंध में कुछ भी जानकारी नहीं दे पा रहे हैं। चर्चा है कि चुनाव की अधिसूचना प्रभावी होने के कारण रेलवे ने ठेकेदार का भुगतान रोक दिया है जिसका प्रभाव निर्माण कार्यों पर पड़ रहा है तथा निर्माण कार्यों में गति धीमी पड़ गई है। अधिकारी चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद ही विकास कार्यों में तेजी आने की उम्मीद जता रहे हैं।

**खास बात**

- मिली है 5 .3 करोड़ के कार्यों की स्वीकृति



स्टेशन परिसर में नाली निर्माण करते मजदूर।

**सड़क चौड़ीकरण के लिए इंतजार**

गतिशक्ति योजना के तहत रेलवे ने राष्ट्रीय राजमार्ग से स्टेशन परिसर तक के संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण की स्वीकृति प्रदान की है। प्रारम्भ में टू लेन सड़क का निर्माण किया गया था। जिससे यात्री व वाहनों का आवागमन हो रहा है। संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण कार्य में अभी समय लगने की संभावना है। स्टेशन परिसर में स्वीकृत विकास कार्यों के पूरा होने के बाद ही संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य शुरू होने की संभावना है। स्टेशन परिसर के बाहरी हिस्से में सौंदर्यीकरण का कार्य अभी प्रारम्भ नहीं हुआ है। परिसर में पानी निकासी के लिए नाली निर्माण का कार्य धीमी गति से चल रहा है। मजदूरों की कमी एवं अधिक मजदूरी को भी विकास कार्यों में बाधा माना जा रहा है।

**पार्किंग निर्माण अधूरा**

यात्रियों की सुविधा के लिए योजना के तहत स्टेशन परिसर में अलग-अलग स्थानों पर वाहनों के पार्किंग की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके लिए कार, ऑटो एवं दोपहिया पार्किंग के लिए अलग-अलग स्थानों पर स्थल चिन्हांकित किया गया है। पार्किंग के लिए शेड निर्माण के बाद आगे के विकास कार्य रूक गए हैं जब तक पार्किंग का निर्माण पूरा नहीं होता स्टेशन के सामने की सड़क कार व आटो की पार्किंग बनी रहेगी। मालूम हो कि स्टेशन पर कार व आटो पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण ट्रेनों के पहुंचने के पूर्व स्टेशन परिसर की सड़क बेतरतीब तरीके से आटो व कारों के खड़े होने के कारण जाम हो जाती हैं जिससे यात्रियों का पैदल बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। रेलवे पुलिस की सख्ती के बावजूद स्थिति में कोई बदलाव नहीं आ सका है।

**नियंत्रण रायपुर से**

गतिशक्ति योजना के तहत स्वीकृत विकास कार्यों का नियंत्रण रायपुर मुख्यालय से होता है। स्टेशन प्रबंधन की निर्माण कार्यों में कोई भूमिका नहीं है।
**-राकेश रंजन**, स्टेशन मास्टर



# सहकारी बैंक कर्मियों की लापरवाही से खातेदार हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा बिश्रामपुर के मैनेजर सहित बैंक स्टॉफ के मिस मैनेजमेंट के कारण पिछले तीन माह से ग्राहकों की परेशानी बढ़ गई है ।बैंक खोलने के समय से लेकर ग्राहकों से दुर्व्यवहार व काम में लेट लतीफी करने से उपभोक्ता परेशान हैं।बुधवार एक मई को बैंक शाखा में सवा ग्यारह बजे तक बैंक मैनेजर सहित अन्य स्टॉफ के अनुपस्थिति के कारण बैंक का कामकाज शुरू नहीं हो सका था जबकि बैंक में बड़ी संख्या में ग्राहक लेनदेन के लिए पहुंचे हुए थे। पौन घंटे के इंतजार के बाद मैनेजर सहित अन्य कर्मियों के पहुंचने के बाद बैंक का कामकाज शुरू हुआ। यहां पर बैंक पहुंचे ग्राम कुरवां निवासी श्याम नारायण शर्मा, कटिंदा चंद्रमेंढा निवासी रामचरित्तर रजवाड़े, कमलेश रजवाड़े, पेंडरखी निवासी पांडेय राम, कुरवां निवासी सुरेश सिंह, सलका निवासी चंद्रशेखर यादव ने बताया कि बैंक खुलने का समय साढ़े दस बजे से साढ़े पांच बजे निर्धारित है लेकिन प्रबंधन के कर्मचारी व अधिकारी अपनी सहूलियत के हिसाब से बैंक पहुंच रहे है ,निर्धारित समय से पौन घंटे विलंब से शाखा का कामकाज संचालित करने से उपभोक्ता परेशान हो गये हैं।इसके अतिरिक्त दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आए उपभोक्ताओं को बैंक कर्मियो द्वारा अत्यधिक भीड़ होने का हवाला देते हुए है दूसरे दिन आने की बात कह दी जाती है, ऐसे में उपभोक्ताओं के जरूरी कामों को लटकाया जाता है। भीषण गर्मी व चिलचिलाती धूप में दूर दराज से आए किसान अपनी बारी आने के इंतजार में पूरा दिन बैंक में बिताने को मजबूर हैं।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्या अंबिकापुर के सीइओ सुनील वर्मन से बिश्रामपुर शाखा के अव्यवस्था के बीच संचालन होने की जानकारी लेने पर उन्होंने कहा कि मैं मामले को दिखवाता हूं, उन्होंने कहा कि अंबिकापुर से पहुंचने में अधिकारी को विलंब हुआ होगा।

- अक्सर देरी से बैंक पहुंचते हैं कर्मचारी व अधिकारी
- ग्राहकों के साथ दुर्व्यवहार किये जाने के लग रहे आरोप

# पुलिस ने 6 हजार 269 वाहन चालकों पर कार्रवाई कर वसूले 19 लाख 46 हजार समन शुल्क

**सूरजपुर।** पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे के निर्देशन में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तथा सड़क हादसों से बचाव के लिए लोगो को जागरूक करने के साथ ही यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई जारी है। अप्रैल माह में जिले की पुलिस ने यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले 6 हजार 269 लोगों पर कार्रवाई करते हुए 19 लाख 46 हजार 3 सौ रूपये समन शुल्क वसूल किया है। एएसपी संतोष महतो के मार्गदर्शन में थाना-चौकी प्रभारी सहित यातायात पुलिस द्वारा पिछले माह विभिन्न चौक-चौराहों, अंतर्राज्यीय व जिले की सरहदी क्षेत्र स्थित बैरियर में सघन वाहन जांच अभियान चलाकर 6 हजार 269 वाहन चालक जो बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस, बिना सीट बेल्ट, दो पहिया वाहन में तीन सवारी व बिना दस्तावेज एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर उनके विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई कर 19 लाख 46 हजार 3 सौ रुपए समन शुल्क अर्जित कर शासन के कोष में जमा किया। यातायात प्रभारी बृज किशोर पाण्डेय ने वाहन चालकों से जिले की यातायात व्यवस्था को सुगम सुरक्षित बनाने में पुलिस का सहयोग करें, यातायात नियमों का पालन करें तथा नाबालिक बच्चों को वाहन नहीं देने और परिवहन विभाग से वाहन चलाने का वैध लाइसेंस बनवाने की बात कही।



### चुनाव से पूर्व पहुंची सीआरपीएफ की बटालियन

**बिश्रामपुर।** आसन्न लोकसभा चुनाव की तैयारी में जिला प्रशासन व निर्वाचन अमला युद्धस्तर पर भिड़ा हुआ है।तीसरे चरण में आगामी सात मई को सरगुजा लोकसभा में वोटिंग होनी है इसके लिए निर्वाचन अमले ने तैयारी लगभग पूरी कर ली है। स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने बिश्रामपुर में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक कंपनी बुधवार को बिश्रामपुर पहुंची है।बिश्रामपुर पुलिस ने उन्हें थाना के समीप बने नवीन छात्रावास भवन में रुकवाया है।बताया गया कि आवश्यकता अनुसार कंपनी जिले के अलग अलग क्षेत्रों के लिए भेजी जा रही है जो चुनाव संपन्न होते तक यहां रुकेंगे।

# पति ने पत्नी पर जानलेवा कर लगा ली फांसी, मौत

**अम्बिकापुर।** घरेलू बात को लेकर पति ने न सिर्फ पत्नी पर टांगी से जानलेवा हमला किया बल्कि पत्नी के कमरे में छिप जाने पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार ग्राम केपी अजिरमा निवासी महादेव पैकरा आ. स्व. खोरा (36 वर्ष) मंगलवार की शाम लगभग 4.30 बजे घर आया और किसी बात को लेकर पत्नी सुशीला से विवाद करने लगा। विवाद इतना बढ़ गया की पति ने पत्नी के चेहरे पर टांगी से जानलेवा हमला कर दिया। पति के मारपीट से बचने के लिए पत्नी कमरे घूर दरवाजा अंदर से बंद कर ली। इसी बीच युवक ने घर के परछी में फांसी लगा लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इधर कुछ समय बाद पत्नी बाहर निकली तो देखी पति मृत हालत में फांसी में लटका हुआ है। महिला ने घटना की जानकारी परिजन सहित आसपास के लोगों को दी। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### सड़क दुर्घटना में पोता की मौत, दादी गंभीर

रिश्तेदार के यहां से घर लौट रहे बाइक सवार दादी-पोता सोनगरा के समीप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गए। दुर्घटना में गंभीर हुए पोता की मौत हो गई जबकि दादा का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जारी है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम धरमपुर निवासी राम दुलास पैकरा आ. गौवटू (22 वर्ष) 25 अप्रैल को दादी हीरो बाई के साथ बाइक से ग्राम सोनगरा रिश्तेदार के यहां गया था। रात लगभग 9 बजे दोनों बाइक से घर आने लगे तभी रास्ते में बाइक से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गए। दुर्घटना में दादी- पोता गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायलों को संजीवनी 108 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीत रात उपचार दौरान पोता की मौत हो गई वहीं घायल दादी का उपचार जारी है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### श्याम भजन संध्या उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**प्रतापपुर।** नगर में श्याम भजन संध्या का भव्य आयोजन भक्ति में माहौल में संपन्न हुआ। सोनभद्र के मशहूर कलाकार संजीव शर्मा, कोलकाता के अभिषेक शर्मा माधव और फतेहाबाद हरियाणा की मीना मेहता द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की अनुपम प्रस्तुति से पूरा माहौल भक्ति में हो गया। श्याम भजनों के साथ में राम भजन सहित भक्ति गीतों से श्याम प्रभु के दरबार सजाया गया। आयोजित कार्यक्रम में कोलकाता से आए कलाकारों द्वारा मंच एवं श्याम प्रभु का दरबार सजाया गया था। जहां विधि विधान से पूजा करने के बाद भक्तों को प्रसाद व भंडारा का भी आयोजन किया गया। पूरी रात भक्ति गीतों में श्रद्धालु झूमते नाचते नजर आए। इस दौरान अंकुर सिंघल, सुमित गुप्ता, अमन गर्ग, शुभम मित्तल, अभिषेक गर्ग, अंकित मित्तल, राजेंद्र गुप्ता, राजेश गर्ग, राजेश गुप्ता, गौतम मित्तल, राजेश मित्तल, अनिल मित्तल, आशीष सिंघल, प्रेम पाल अग्रवाल, कंचन सोनी, किशोरी लाल गर्ग, ओम प्रकाश गुप्ता, गरीब राम गोयल, आकाश मित्तल, मुकेश गर्ग, समलेश गुप्ता, विकास गुप्ता,अमित सोनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



# दस वर्षों के कार्यकाल में झूठ व आश्वासन के अलावा कुछ नहीं दिया, अब देश में बदलाव की सुगबुगाहट : पायलट

**अम्बिकापुर।** प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने कहा है कि केंद्र में भाजपा ने दस वर्षों तक राज किया। जनता ने भाजपा को पूर्ण बहुमत दिया लेकिन सरकार ने हर वर्ग को झूठा आश्वासन और धोखा देने के अलावे धरातल पर कोई काम नहीं किया। इनके भाषण में भी बौखलाहट साफ झलकती है। भाजपा सिर्फ मंदिर, मस्जिद बात करती है और हम मनरेगा व रोजगार की बात करते है। दो चरण के मतदान के बाद रिपोर्ट हामरे पास भी आई है और उनके पास भी। भाजपा के पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई है। देश में बदलाव की सुगबुगाहट है। कांग्रेस व गठबंधन को चुनाव में बहुमत मिलेगी और हम मजबूती के साथ सरकार बनाएंगे। चुनाव में हमारे साथी एकजुटता के साथ चुनाव लड़ रहे है और जनता का विश्वास भी हमारे साथ है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और छत्तीसगढ़ के प्रभारी श्री पायलट बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा खुद के लिए 15 वर्ष मांग रही है और जो युवा सेना में जाकर देश की सेवा करना चाहता है उसे ये सरकार महज चार वर्ष का समय दे रही है। हमने तय किया है कि सरकार में आते ही इस योजना को बंद किया जाएगा और नियमित भर्ती की जाएगी। कांग्रेस ने घोषणापत्र में किसानों को संरक्षण देने का वादा किया है जबकि यह काम भाजपा को करना था। कांग्रेस व गठबंधन की सरकार बनने पर 30 लाख रिक्त पदों को भरा जाएगा। जब बड़े उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ हो सकता है तो हम भी गरीब तबके लोगों को प्रतिवर्ष एक लाख रुपए दे सकते है। महालक्ष्मी योजना के तहत गरीब परिवार की महिलाओं के खाते में यह राशि जाएगी। श्रमिकों को कम से कम 400 रुपए मिले इसके लिए भी हम योजना बनाएंगे। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास ने कहा कि कांग्रेस ने क्रांतिकारी मेनिफेस्टो जारी किया है। देश की जनता इस बार लोकतंत्र को बचाने मतदान करेगी। इंडिया गठबंधन सबसे ज्यादा सीट जीतेगी इस दौरान छत्तीसगढ़ कांग्रेस के सह प्रभारी चंदन यादव, जिपं उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव, पूर्व विधायक प्रीतम राम, बालकृष्ण पाठक, अजय अग्रवाल, जेपी श्रीवास्तव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता आदि मौजूद थे।

- प्रदेश प्रभारी ने भाजपा पर साधा निशाना, पत्रकार वार्ता के दौरान कहा मजबूती के साथ कांग्रेस व गठबंधन बनाएगी सरकार




हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# कालोनियों के खुले सेफ्टी टैंक में आए दिन मवेशी गिरकर हो रहे घायल, अनेक की हो चुकी है मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल के आवासीय कालोनियों के पीछे खुले सेफ्टी टैंक में आए दिन मवेशियों के गिरने से घायल हो जा रहे हैं, इनमें से कई मवेशीयों की मौत भी हो जा रही है। एसईसीएल प्रबंधन द्वारा उक्त गंभीर समस्या से श्रमवीरों को राहत दिलाने कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने से लोगों में नाराजगी व्याप्त है।गौरतलब है कि एसईसीएल के अधिकांश आवासीय कालोनियों में सेफ्टी टैंक की स्थिति इन दिनों मरम्मत कार्य के अभाव में काफी दयनीय हो गई है। क्षतिग्रस्त सेफ्टी टैंक में आए दिन गौ वंश गिरकर या तो गंभीर रूप घायल हो रहे हैं या फिर उनकी मौत हो जाती है। ऐसी स्थिति में कालोनीवासियों को अक्सर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया कि यहां पर कालोनियों के सेफ्टी टैंक क्षतिग्रस्त होने की वजह से दो महीने में दर्जन भर मवेशी क्षतिग्रस्त सेफ्टी टैंक में गिरकर घायल हुए या फिर उनकी मौत हो चुकी है। समय पर सूचना मिलने पर नगर पंचायत प्रबंधन द्वारा उक्त सैफी टैंक में गिरे मवेशियों को निकालने की कार्यवाही करती है। कुछ मवेशी तो सेफ्टी टैंक में ही जानकारी के अभाव में सड़ गल जाते हैं और दुर्गन्ध आने के बाद कॉलोनी के लोगों द्वारा सूचना दी जाती है। एक मई को ही नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक पांच में स्थित क्षतिग्रस्त सेफ्टी टैंक में गिरकर एक मवेशी गंभीर रूप से घायल हो गई थी, जिसे नगर पंचायत प्रबंधन द्वारा काफी मशक्कत के बाद बाहर निकलवाया गया। क्षतिग्रस्त सेफ्टी टैंक के मरम्मत कार्य को लेकर एसईसीएल प्रबंधन द्वारा मौन धारण कर लिए जाने से जहां एक उनकी कार्य शैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं वहीं दूसरी ओर आमजन में उक्त उदासीनता से काफी नाराजगी व्याप्त है।



online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशिः-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
छग के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष चौरसिया एम. सी. एच. न्यूरोसर्जन
छग के सुप्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ. गौरी शंकर सिंह MD, (Psychiatry) BHU MBBS (AFMC)
रायपुर के सुप्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ डॉ. निहार गुप्ता MBBS, MD FICH Hematologist
रायपुर के सुप्रसिद्ध गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ. बी बी कुमार MBBS, MD (Medicine) Rheumatology
रायपुर के सुप्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ.. डॉ विकास अग्रवाल laparoscopic & organ preserving surgeries MBBS, DrNB, PDF, FMAS FISCP, MNAMS
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites
डॉक्टर्स हाऊस @ सरगुजा
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
छग के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ. आशु जैन MS, MCH, FHU, Neurosurgery
05 मई 2024 प्रत्येक माह के प्रथम रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध